THE STUDY
An Institute for IAS

# प्रिलिम्स बूस्टर

**2500+**
प्रश्नों का व्याख्या सहित अध्यायवार संग्रह

# भारतीय इतिहास एवं कला-संस्कृति

## पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न

संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग की विभिन्न प्रारंभिक परीक्षाओं ;IAS, PCS, CDS, NDA आदिद्ध के लिए उपयोगी

**मणिकांतसिंह**

(भारतीय इतिहास एवं कला-संस्कृति)
मणिकांतसिंह

TS PUBLICATIONS

# THE STUDY

(An Institute for IAS)

# HISTORY

## By Manikant Singh

**THE STUDY under the expert guidance of MANIKANT SINGH has continued its journey on the path of success.........**

अभ्यर्थियो! मुख्य परीक्षा में वैकल्पिक विषयों ( Optional Subjects ) में प्रश्नों की प्रवृत्ति यह दर्शाती है कि आपकी सफलता में भविष्य में वैकल्पिक विषय की निर्णायक भूमिका होगी। वैकल्पिक विषयों में अत्यधिक स्तरीय प्रश्न पूछे जाने लगे हैं। अतः वैकल्पिक विषय के लिए दीर्घकालीन तैयारी की जरूरत है। इसलिए अब आवश्यक है कि प्रारम्भिक परीक्षा से पूर्व वैकल्पिक विषय की तैयारी का अधिकांश भाग पूरा हो चुका हो क्योंकि प्रारम्भिक परीक्षा के बाद यह संभव नहीं हो सकेगा।

बदले हुए परिदृश्य में इतिहास एक अति महत्वपूर्ण वैकल्पिक विषय के रूप में उभरा है। इसके निम्नलिखित कारण हैं। प्रथम, इसका सामान्य अध्ययन में बहुत बड़ा योगदान ( मुख्य परीक्षा प्रथम पत्र में 100 से 110 अंक तथा प्रारंभिक परीक्षा में 32 से 34 अंक ) है। दूसरे, यह विषय सरल एवं सुग्राह्य है। अन्त में, इसमें "THE STUDY" जैसे विश्वसनीय संस्थान का सहयोग प्राप्त है।

## हमारी रणनीति किस प्रकार अन्य से अलग है?

### प्रचलित रणनीति

1. इतिहास के अध्ययन का अर्थ लगाया जाता है अधिक-से-अधिक सूचनाओं एवं तथ्यों का संग्रह करना।
2. अध्यापन में टॉपिक की क्रमबद्धता का प्रायः निर्वाह नहीं किया जाता ( गुप्तकाल के अध्यापन के पश्चात् मौर्यकाल का अध्यापन, प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात् जर्मनी के एकीकरण का अध्यापन आदि इस क्रमबद्धता का उल्लंघन है। )
3. अभ्यर्थियों को इतिहास के अध्ययन में प्रचलित विभिन्न दृष्टिकोणों ( इतिहास लेखन ) से अवगत नहीं कराया जाता। अतः किसी जटिल प्रश्न पर अपना झुकाव (Stand) स्पष्ट करना उनके लिए संभव नहीं हो पाता।
4. समय की बचत को ध्यान में रखकर कक्षा में भी तथ्यों को प्वाईंट्स में प्रदर्शित किया जाता किंतु इस कारण से अभ्यर्थियों की टॉपिक पर पूर्ण समझ विकसित नहीं हो पाता।
5. लेखन कला का विकास नहीं हो पाता।

### हमारी रणनीति

1. हमारे लिए इतिहास तथ्य (Fact) कम एवं विश्लेषण (Analysis) अधिक है।
2. हम तीन चरणों (Stages) में विषय की तैयारी को पूर्ण करते हैं। प्रथम चरण में हमारा बल विषय में छात्रों की दिलचस्पी एवं मौलिक समझ विकसित करने पर होता। इसलिए हम उन्हें निरन्तरता एवं परिवर्तन (Continuity and Changes) का ज्ञान देते।
3. द्वितीय चरण में हमारा बल इतिहास लेखन के ज्ञान (Knowledge of Historiography) पर होता है ताकि अभ्यर्थी स्तरीय प्रश्नों (Standard Questions) पर अपना झुकाव स्पष्ट कर सकें।
4. तीसरे चरण में लेखन शैली का विकास किया जाता है। इसके लिए हम अभ्यर्थियों को Thesis-based Writing का प्रशिक्षण देते हैं।




**Our Courses**

- Offline Batch
- Online Live Batch
- Online Recorded Class
- Pen Drive Course
- Correspondence Course


210, Virat Bhawan, IInd Floor, Near Post Office, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-9

: 7683076934, 9999516388, 8287331431, 011-35009789 9999278966

: info@thestudyias.net • thestudyias@gmail.com

# प्रागैतिहासिक काल

## पुरापाषाण काल

**1. प्लीस्टोसीन और होलोसीन युग, जो होमिनिड विकास की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण है, किस महाकल्प से संबंधित है?**

(a) सेनोजोइक (b) मेसोजोइक
(c) पेलियोजोइक (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2. आधुनिक मानव निम्नलिखित में से किस प्रजाति का है?**

(a) होमो इरेक्टस (b) होमो सेपियंस
(c) निएंडरथल (d) आस्ट्रेलोपिथेकस

**3. रामापिथेकस समूह की एक शाखा ऑस्ट्रेलोपिथेकस, जो आधुनिक मानव का पूर्वज था, से आधुनिक मानव के विकास का सही क्रम है?**

(a) होमोइरेक्टस – क्रोमैगनन – निएंडरथल – होमोसेपियन
(b) होमोइरेक्टस – निएंडरथल – क्रोमैगनन – होमोसेपियन
(c) होमोइरेक्टस – होमोसेपियन – निएंडरथल – क्रोमैगनन
(d) निएंडरथल – क्रोमैगनन – होमोइरेक्टस – होमोसेपियन

**4. भारत में पहले होमिनिड जीवाश्मों की खोज निम्नलिखित में से किस घाटी में हुई?**

(a) बेलन घाटी (b) नर्मदा घाटी
(c) कृष्णा घाटी (d) गोदावरी घाटी

**5. पुरापाषाण काल को तीन चरणों- निम्न पुरापाषाण काल, मध्य पुरापाषाण काल, उच्च पुरापाषाण काल में निम्नलिखित में से किस आधार पर विभाजित किया जाता है?**

(a) जलवायु में परिवर्तन
(b) पत्थर के औजारों के प्रकार
(c) प्राणि-समूह में हुए परिवर्तन
(d) उपर्युक्त सभी

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र गोंडवानालैंड का हिस्सा नहीं था?**

(a) दक्षिण अमेरिका (b) अफ्रीका
(c) उत्तरी अमेरिका (d) भारतीय उपमहाद्वीप

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा पुरापाषाण स्थल नर्मदा घाटी में स्थित नहीं है?**

(a) भीमबेटका (b) पैसरा
(c) आदमगढ़ (d) हथनौरा

**8. पुरापाषाण काल के लोग निम्नलिखित में से किससे परिचित नहीं थे?**

1. आग 2. कृषि
3. पशुपालन 4. मिट्टी के बर्तन बनाना

**कूटः**

(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

## मध्यपाषाण काल

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. यह भूवैज्ञानिक चरण लगभग 10,000 ईसा पूर्व शुरू हुआ था।
2. यह अपेक्षाकृत गर्म चरण की शुरुआत थी।
3. यह काल लघु पाषाणिक औजारों की अधिकता और उसकी प्राथमिकता का प्रतीक है।

**उपर्युक्त कथन किस चरण के बारे में बताते हैं?**

(a) मध्य पुरापाषाण काल (b) मध्यपाषाण काल
(c) नवपाषाण काल (d) a और b दोनों

## तकनीकी विकास

**10. होलोसीन काल की शुरुआत से ही लोगों ने बहुत छोटे औजार बनाना और उसका उपयोग करना शुरू कर दिया था। उन्हें क्या कहा जाता है?**

(a) माइक्रोलिथ्स
(b) उप-पुरापाषाण कालीन औजार
(c) उच्च पुरापाषाणकालीन औजार
(d) निम्न पुरापाषाणकालीन औजार

**11. धनुष और बाण की तकनीक (प्रक्षेपास्त्र प्रौद्योगिकी), जो एक महान तकनीकी क्रांति थी, किस युग में विकसित हुई?**

(a) पुरापाषाण काल (b) मध्यपाषाण काल
(c) नवपाषाण काल (d) प्रारंभिक हड़प्पा काल

**12. आग की खोज मनुष्य की एक बड़ी उपलब्धि थी। खाना पकाने की कला किस युग में शुरू हुई?**

(a) पुरापाषाण काल (b) मध्यपाषाण काल
(c) नवपाषाण काल (d) प्रारंभिक हड़प्पा काल

# व्याख्या सहित उत्तर

1. (a) भूवैज्ञानिक, पृथ्वी के इतिहास को चार महाकल्पों में विभाजित करते हैं, प्राथमिक (पेलियोजोइक), माध्यमिक (मेसोजोइक), तृतीयक और क्वार्टनरी। तृतीयक और क्वार्टनरी मिलकर सेनोजोइक या स्तनधारियों का युग बनाते हैं, जो लगभग 100 मिलियन वर्ष पहले शुरू हुआ था। सेनोजोइक को सात कालखंडों में विभाजित किया गया है, जिनमें से अंतिम दो- प्लीस्टोसीन और होलोसीन हैं।

2. (b) होमो-सेपियन्स एक लैटिन शब्द है, जिसका अर्थ है 'सोचने वाला मानव'। पहला होमोसेपियन्स 500,000 साल पहले विकसित हुआ था। अन्य प्रजातियां बहुत पहले की अवधि में विकसित हुई।

3. (b) ऑस्ट्रेलोपिथेकस मानव का आदि पूर्वज था। कालांतर में इससे इरेक्टस–नियान्डरथल–क्रोमैगनन तथा अंत में 30 हजार वर्ष पूर्व आधुनिक मानव (होमोसेपियन) का विकास हुआ।

4. (b) 1982 में मध्य भारत में होमिनिड जीवाश्म मिले हैं। अरुण सोनकिया ने होशंगाबाद में नर्मदा के उत्तरी तट पर हथनौरा गाँव के पास इसकी खोज की थी।

5. (d) पुरापाषाण काल का निम्न, मध्य और उच्च पुरापाषाण काल में विभाजन मुख्यत: विभिन्न प्रकार के औजारों, जीवों में परिवर्तन, जलवायु में परिवर्तन के आधार पर किया गया। पुरातत्वविदों ने धीरे-धीरे पुरापाषाण काल के भीतर अलग-अलग उपकरण बनाने की परंपराओं की पहचान की और पाषाण युग के भीतर निर्वाह पैटर्न में बदलाव के महत्व को भी पहचाना।

6. (c) करोड़ों वर्ष पहले भारतीय प्रायद्वीप, एक विशाल भूखंड का हिस्सा था जिसे भूवैज्ञानिक गोंडवानालैंड कहते हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और अंटार्कटिका शामिल थे।

7. (b) पैसरा, बिहार में मुंगेर के पास है जो निचली गंगा घाटी में स्थित है।

8. (d) प्रश्न में दी गई सभी विशेषताओं का विकास मध्यपाषाण काल या उसके बाद के समय में हुआ है।

9. (b) मध्यपाषाण कालिक चरण लगभग 10,000 साल ईसा पूर्व में शुरू हुआ था जो कि अपेक्षाकृत गर्म था। यह काल लघु पाषाणिक औजारों अर्थात् माइक्रोलिथ की अधिकता और उसकी प्राथमिकता का प्रतीक है।

10. (a) सूक्ष्म उपकरण अर्थात् बहुत छोटे औजार को माइक्रोलिथ कहा जाता है जो मध्यपाषाण काल की प्रमुख विशेषता है।

11. (b) किसी उपकरण को फेंक कर शिकार करने की तकनीक अर्थात् प्रक्षेपास्त्र प्रौद्योगिकी का विकास मध्यपाषाण काल की एक तकनीकी क्रांति थी।

12. (b) आग की खोज मध्यपाषाण काल की एक महत्वपूर्ण खोज थी।

13. (c) पॉलिश किए हुए पत्थर के औजार बनाने की प्रौद्योगिकी तथा कृषि का विकास नवपाषाण काल में हुआ।

14. (c) मध्यपाषाण काल में आदमगढ़ और बागोर से सर्वप्रथम पहली बार पशुओं को पालतू बनाने का प्रमाण मिलता है।

15. (c) मध्यपाषाण काल में पहली बार पशुपालन प्रारंभ किया गया। राजस्थान के बागौर तथा मध्य प्रदेश के आदमगढ़ में पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य मिले हैं। इस काल में सूक्ष्म पाषाण (माइक्रोलिथ्स) औजारों का प्रयोग होता था।

नवपाषाण काल में मानव शिकारी एवं खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक बन गया। सर्वप्रथम मानव ने इसी काल में कृषि करना शुरू किया था।

16. (d) मध्यपाषाण कालीन स्थल आदमगढ़, मध्य प्रदेश में, बागौर राजस्थान में, लंघनाज गुजरात में तथा सराय नाहर राय उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित हैं।

17. (d) मध्यपाषाण कालीन समाज में परिवार की अवधारणा विकसित हो चुकी थी तथा सौंदर्य बोध के लक्षण भी दिखाई देते हैं। भीमबेटका के शैलचित्रों में कई बार मानव को आभूषणों को पहने हुए दर्शाया गया है। ज्यादातर स्थानों से मिली कब्रों से पता चलता है कि इस काल में मृतकों को दफनाने की प्रथा विकसित हो चुकी थी।

18. (b) भारत में मध्यपाषाण काल से संबद्ध सबसे बड़ा आवासीय स्थल बागौर है। राजस्थान के बागौर से इस काल के पाषाण उपकरणों के साथ लौह काल के उपकरण भी प्राप्त हुए हैं। बागौर से मानव कंकाल भी मिला है।

19. (a) सराय नाहरराय एवं महादहा भारत के सबसे पुराने मध्य पाषाणकालीन स्थल हैं। ये पहले स्थल हैं जहाँ से स्तम्भगर्त के साक्ष्य मिले हैं अर्थात् इस काल में मानव झोपड़ियाँ निर्मित कर इनमें निवास करते थे।

20. (a) शवाधान का तरीका इस काल की विशिष्ट पहचान है क्योंकि पुरापाषाण काल में इसका साक्ष्य प्राप्त नहीं होता है। यह दर्शाता है कि लोगों में अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान का भाव विकसित हो रहा था।

# वैदिक काल

## ऋग्वैदिक काल

### राजनीतिक विस्तार

1. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से शिलालेख वैदिक आर्यों के संदर्भ में जानकारी देता/देते है/हैं?**
   1. मित्तनि शिलालेख
   2. बोगजकोई शिलालेख
   3. रोसेटा स्टोन शिलालेख

   **कूट:-**
   (a) केवल 1 (b) 1 और 2
   (c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. **ऋग्वेद में वर्णित 'दस राजाओं के युद्ध' (दसराज्ञ) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?**
   1. यह युद्ध भरत कबीले एवं पाँच आर्य व पाँच अनार्य कबीलों के मध्य हुआ था।
   2. यह युद्ध परुष्णी (रावी) नदी के तट पर हुआ था।
   3. इस युद्ध में भरत कबीले की पराजय हुई।

   **कूट:**
   (a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 2
   (c) 1 और 3 (d) 2 और 3

3. **ऋग्वैदिक आर्यों के भौगोलिक विस्तार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
   1. ऋग्वैदिक आर्य हिमालय पर्वत से परिचित थे।
   2. ऋग्वैदिक आर्यों को मरुस्थल का ज्ञान था।
   3. ऋग्वैदिक आर्य दक्षिण में नर्मदा नदी से परिचित थे।

   **कूट:**
   (a) 1 और 3 (b) 1 और 2
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

4. **निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की पहचान 'ब्रह्मवर्त' के रूप में की गई है?**
   (a) सोहन से सिंधु नदी तक (b) सिंधु से यमुना नदी तक
   (c) सिंधु से सतलुज नदी तक (d) सतलुज से यमुना नदी तक

5. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
   1. ऋग्वैदिक आर्यों ने गंगा नदी को पार कर लिया था।
   2. ऋग्वेद में गंगा नदी का केवल एक बार उल्लेख किया गया है।

   **कूट:**
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

6. **'यदु' तथा 'तुर्वस' नामक आर्य कबीलों का संबंध किस वैदिक देवता से जोड़ा जाता है?**
   (a) मित्र (b) नासत्य
   (c) इन्द्र (d) वरुण

7. **निम्नलिखित में से किस नदी का उद्‌गम स्रोत अर्जीफ पर्वत को माना गया है?**
   (a) शतुद्री (b) विपासा
   (c) परुष्णी (d) सुवास्तु

8. **निम्नलिखित से किस अनार्य को आर्यों के पशु चुराने वाला बताया गया है?**
   (a) पणि (b) पक्थ
   (c) विशाणि (d) शिवि

9. **वैदिक काल में 'पुरचरिष्णु' क्या था?**
   (a) आर्यों के विशिष्ट प्रकार के दुर्ग
   (b) शूद्रों/दासों के देवता
   (c) दुर्गों को गिराने वाला इंजन
   (d) इंद्र का अन्य नाम

10. **निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति ऋग्वैदिक आर्यों के पंचजन्य से पृथक थी?**
    (a) यदु (b) द्रुह्यु
    (c) किकट (d) अनु

### प्रशासनिक संरचना

11. **ऋग्वैदिक प्रशासन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**
    1. ऋग्वेद में सरदार या मुखिया को 'जनस्य गोप' या 'गोपति' (पशुओं का स्वामी) कहा गया है।
    2. बलि का तात्पर्य किसी देवता या सरदार को स्वेच्छा से दी जाने वाली भेंट से है।
    3. सभा अपेक्षाकृत कुलीनों की एक छोटी संस्था थी, जबकि समिति एक बड़ी संस्था थी जिसकी अध्यक्षता राजन करते थे।

28. (d) ऋग्वैदिक काल में उच्च कुल के संपन्न लोग ही एक से अधिक पत्नियाँ रखते थे। अत: इसे आम प्रथा नहीं माना जा सकता है।

29. (d) 'शूद्र' की प्रथम चर्चा ऋग्वेद के 10वें मंडल के पुरूष सूक्त में की गई जहाँ उसकी उत्पत्ति 'विराट पुरुष' के पैरों से मानी गई।

30. (c) ऋग्वैदिक काल में संयुक्त परिवार की संकल्पना विद्यमान थी। इस काल में कई पीढ़ियों के लोग, बंधु-बांधव एक ही साथ रहते थे, इन्हें 'नृप्तृ' कहा जाता था।

31. (d) वैदिक काल के संदर्भ में प्रश्न में दिए गए सभी कथन सही हैं।

32. (d) ऋग्वैदिक समाज पितृसत्तात्मक था तथा परिवार में स्त्रियों को समान अधिकार, यथोचित आदर व सम्मान प्राप्त था।

33. (b) लोपामुद्रा, घोषा, सच्ची, पौलोमी, कक्षावृत्ति नामक 5 विदुषी महिलाओं ने ऋग्वेद की कुछ ऋचाओं की रचना की।

34. (b) 'गोत्र' शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है, परंतु गोत्र प्रथा की शुरूआत उत्तर-वैदिक काल में हुई।

35. (b) ऋग्वेद के ऐतरेय ब्राह्मण ग्रंथ में राजा को विशमत्ता (अर्थात् वैश्य का भक्षण करने वाला) कहा गया है। इसके अलावा, राजा को धर्मस्यगोप्ता भी कहा जाता था। इसी क्रम में ऐतरेय ब्राह्मण में 'आद्य' शब्द वैश्य के लिए एवं 'यथाकामवध्य' शब्द शूद्र के लिए प्रयुक्त हुआ है। कन्या को कृपण अर्थात् दु:ख देने वाली कहा गया है। ऐतरेय ब्राह्मण्य में चतुर्युग (सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग) की भी व्याख्या की गई है।

36. (c) प्रजापति को वैदिक काल का देवता माना गया है, वे ब्रह्मा के पुत्र तथा सृष्टिकर्त्ता माने जाते थे।

37. (c) ऋग्वेद के 10 मंडलों में दूसरे से सातवें मंडल सबसे प्राचीन माने गए हैं जबकि प्रथम तथा दसवाँ मंडल परवर्ती काल का माना जाता है।

38. (d) ऋग्वेद में गंगा नदी की चर्चा एक बार की गई। इसके तट पर काशी को स्थित बताया गया।

39. (a) वैदिक धर्म का स्वरूप बहुदेववादी था तथा इसका बल भौतिक सुखों की प्राप्ति पर था। वैदिक आर्य यद्यपि अधिकांश देवताओं की आराधना मानव रूप में करते थे तथापि कुछ देवताओं की आराधना पशु रूप में भी की जाती थी। जैसे - अहिर्बुंधन्य।

40. (b) ऋग्वैदिक काल में वर्ण का तात्पर्य रंग से था, न कि पेशे से।

41. (b) ऋग्वैदिक धर्म में पुरुष रूपी देवताओं की प्रधानता मानी गई है।

42. (c) कुछ देवताओं की आराधना पशु रूप में की जाती थी। ऋग्वैदिक धर्म में अपने पूर्वजों की पूजा करने के कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं होते।

43. (a) ऋग्वेद में कुल देवताओं की संख्या 33 बताई गई है इनमें सबसे प्रमुख देवता 'इन्द्र' को माना गया है।

44. (b) ऋग्वैदिक काल में किसी भी मंदिर की चर्चा नहीं मिलती है। जादुई शक्तियों पर विश्वास तथा मंत्रों के विशुद्ध उच्चारण हेतु यज्ञ में ब्राह्मणों की महत्वपूर्ण भूमिका उत्तर वैदिक काल की विशेषता थी।

45. (a) वरुण एक पवित्र देवता थे जो केवल यज्ञ एवं बलि से संतुष्ट नहीं होते थे। उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए पवित्र होना भी आवश्यक था। वे नैतिक संहिताओं (ऋत्) तथा ऋतु (मौसम) के भी संरक्षक थे। इन्हीं अर्थों में उन्हें 'ऋतस्यगोपा' कहा गया।

46. (d) ऋग्वैदिक धर्म की मुख्य विशेषता थी इसका व्यावहारिक तथा उपयोगितावादी स्वरूप। वैदिक देवताओं में पुरुष भाव की प्रधानता थी।

47. (c) ऋग्वैदिक देवता वरुण नैतिक संहिताओं (ऋत) तथा ऋतु (मौसम) के संरक्षक थे। अत: उन्हें 'ऋतस्यगोपा' कहा जाता था जिसका अर्थ है जो ब्राह्माण्डीय व्यवस्था बनाए रखते हैं।

48. (b) ऋग्वेद में 'ॐ भूर्भुव: स्व:' नाम से गायत्री मंत्र उल्लिखित है। इसमें देवी सविता की उपासना की गई। इसकी रचना विश्वामित्र द्वारा की गई।

49. (d) ऋग्वेद के 5 सूक्तों में मृतक संस्कार की चर्चा की गई। मृतकों का अग्नि संस्कार सर्वाधिक लोकप्रिय था। अग्नि ही पितृ एवं देवताओं के लोक में वाहक का कार्य करती थी।

50. (c) आर्यों का मूल निवास आल्प्स पर्वत के पूर्वी क्षेत्र में माना गया। 'आर्य' किसी जाति का नहीं, बल्कि भाषायी समूह का व्यंजक है।

51. (b) ऋग्वेद से संबंधित ब्राह्मण ग्रंथ ऐतरेय एवं कौषितकी हैं।

52. (b) सही सुमेलन इस प्रकार है-

ऋग्वेद - ऐतरेय

सामवेद - ताण्ड्य/पंचविश्

यजुर्वेद - शतपथ

अथर्ववेद - गोपथ

53. (a) वैदिक साहित्य का सही अनुक्रम है-

वैदिक संहिताएं - ब्राह्मण - आरण्यक - उपनिषद।

54. (c) उत्तर वैदिक काल तक क्षेत्रगत जनपदों का अस्तित्व सामने आने लगा था। अत: इस क्षेत्र के राजा (मुखिया) द्वारा अपने पद को सामाजिक वैधानिकता प्रदान करवाने के उद्देश्य से अनेक यज्ञों का आयोजन करवाया जाने लगा।

55. (c) श्रावस्ती, प्राचीन भारत के कौशल राज्य की दूसरी राजधानी थी।

**48. निम्नलिखित अधिकारियों को उनके प्रशासनिक पद के अनुसार उच्च से निम्न स्तर के क्रम में व्यवस्थित कीजिए-**

1. अमीर    2. मलिक
3. सिपहसालार    4. सरखेल

**कूटः**

(a) 2-3-1-4    (b) 3-1-2-4
(c) 2-1-3-4    (d) 1-2-4-3

**49. अलाउद्दीन खिलजी की बाजार नीति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) उसके द्वारा स्थापित बाजार व्यवस्था, राज्य द्वारा संचालित थी।
(b) इन बाजारों को सराय-ए-अदल का नाम दिया गया।
(c) यह योजना उसकी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा से प्रेरित थी।
(d) यह बाजार व्यवस्था शेरशाह सूरी के शासनकाल तक कायम रही।

**50. अलाउद्दीन खिलजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. वह पहला सुल्तान था, जिसने मसाहत प्रणाली के तहत भूमि माप करवाई।
2. उसके समय में भू-राजस्व का निर्धारण भूमि की वास्तविक आय पर आधारित था।
3. उसके समय में अनाज व नकद दोनों रूप में कर लिया जाता था।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 1 और 3    (b) 2 और 3
(c) 1 और 2    (d) 1, 2 और 3

**51. मध्यकालीन भारत के संदर्भ में 'गल्ला बख्शी', 'मुक्ताई' 'भाओली' किससे संबंधित थीं/थे?**

(a) चित्रकला की क्षेत्रीय शैलियाँ
(b) विभिन्न भू-राजस्व पद्धतियाँ
(c) सुल्तान को मिलने वाली वार्षिक भेंट
(d) प्रान्तीय अधिकारी वर्ग

**52. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रौद्योगिकी/प्रौद्योगिकियों को भारत में लाने का श्रेय तुर्की शासन को दिया जाता है?**

1. धुनिया या नद्दाफ    2. साकिया
3. चुम्बकीय कंपास

**कूटः**

(a) 1 और 2    (b) 2 और 3
(c) केवल 1    (d) 1, 2 और 3

**53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**कथन I:** इस्लाम के अनुसार खलीफा और सुल्तान शरीयत कानूनों से मुक्त होते थे।

**कथन II:** सुल्तान का कर्त्तव्य शरीयत के अनुसार शासन करना था।

(a) कथन I सत्य है।
(b) कथन II सत्य है।
(c) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(d) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

**54. सल्तनत कालीन वाणिज्य-व्यापार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. भारत के थल मार्ग से आयातित होने वाली वस्तुओं में सर्वाधिक महत्वपूर्ण घोड़े थे।
2. भारत में थल मार्ग का प्रमुख केन्द्र मुल्तान था जिसे सभी व्यापारियों के लिए प्रवेश द्वार माना जाता था।
3. देबल तथा लहरीबंदर प्रमुख बंदरगाह थे, जिनकी बाह्य व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 और 2    (b) 2 और 3
(c) केवल 3    (d) 1, 2 और 3

**55. मध्यकालीन भारतीय इतिहास में 'इक्ता-ए-तमलीक' से अभिप्राय था-**

(a) अनुदान में दी गई भूमि    (b) बंजर भूमि
(c) इक्ता का धारक    (d) भू-राजस्व का ठेकेदार

**56. निम्नलिखित पर विचार कीजिएः-**

1. काजी    2. अमीर-ए-दाद
3. मीर-ए-अदल

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से अधिकारी मध्यकाल में न्यायिक कार्य से संबद्ध था/थे?**

(a) केवल 1    (b) 1 और 2
(c) 2 और 3    (d) 1, 2 और 3

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

**कथन I:** मैथिली के विख्यात कवि विद्यापति ठाकुर शर्की शासक इब्राहिम के समकालीन थे।

**कथन II:** जौनपुर की अटाला मस्जिद का निर्माण मुहम्मद शाह ने करवाया।

(a) कथन I सत्य है।
(b) कथन II सत्य है।
(c) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(d) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

**58. जैनुल आबिदीन को उसकी उदार नीतियों के कारण 'कश्मीर का अकबर' कहा गया। इसके संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. उसने अपने शासन में सती प्रथा को पुनः आरंभ करने की अनुमति दी।

**22. 'ए कॉम्पेरिजन बिटविन वीमेन एंड मेन' (स्त्री-पुरुष की तुलना) नामक पुस्तक किसने लिखी?**

(a) ताराबाई शिंदे (b) रमाबाई रानाडे
(c) सावित्रीबाई फुले (d) आनंदीबाई जोशी

**23. थियोसोफिकल सोसाइटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. एनी बेसेंट ने 1898 में बनारस में सेंट्रल हिंदू कॉलेज की स्थापना की।
2. थियोसोफिकल सोसाइटी हिंदू धर्म के कर्म और पुनर्जन्म दर्शन में विश्वास करती थी।
3. अड्यार थियोसोफिकल सोसायटी का केंद्र था।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 2 और 3 (b) केवल 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**24. निम्नलिखित में से किसने महिला शिक्षा में सुधार के लिए महिला आर्य समाज की स्थापना की?**

(a) पंडिता रमाबाई (b) सिस्टर निवेदिता
(c) डी.के. कर्वे (d) जी. एस. अगरकर

**25. स्वामी विवेकानंद को निम्नलिखित में से किसने 'राष्ट्रीय आंदोलन का आध्यात्मिक पिता' कहा?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) महात्मा गाँधी
(c) सुभाषचंद्र बोस (d) मौलाना आजाद

**26. रामकृष्ण परमहंस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. रामकृष्ण परमहंस का दर्शन पुराणों पर आधारित था।
2. उन्होंने 'प्रबुद्ध भारत' और 'प्रबोधिनी' नामक पत्रिकाओं का संपादन किया।
3. उनके अनुसार सभी धर्मों का सार मानवता की सेवा करना था।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 1 और 2 (b) 1 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 3

**27. स्वामी विवेकानंद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

1. उन्होंने लंदन में विश्व धार्मिक सम्मेलन को संबोधित किया।
2. उन्होंने राज योग, ज्ञान योग और कर्म योग को व्यावहारिक वेदांत माना है।
3. उन्होंने गरीब और भूखे लोगों को 'दरिद्र नारायण' के रूप में संबोधित किया।
4. बेलूर मठ रामकृष्ण परमहंस मिशन का मुख्यालय था।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 1 और 2 (b) 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 1 और 4

**28. 'थियोसोफिकल सोसाइटी' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

1. इसकी स्थापना मैडम एच.पी. ब्लावेत्स्की द्वारा 1875 में न्यूयॉर्क में की गई थी।
2. इसका उद्देश्य हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म और पारसी धर्म को पुनर्जीवित करना था।
3. एनी बेसेंट कभी इसकी अध्यक्ष नहीं बनीं, बल्कि एक सक्रिय स्वयंसेवक थी।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 2 (b) 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1

**29. निम्नलिखित में से किसे 'महाराष्ट्र के सुकरात' के रूप में जाना जाता है?**

(a) एन.एम. जोशी (b) एम.जी. रानाडे
(c) जी. एच. देशमुख (d) जी.के. गोखले

**30. दयानंद सरस्वती के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार-**

1. आर्य समाज की स्थापना दयानंद सरस्वती ने 1875 में बंबई में की थी।
2. विरजानंद उनके गुरु थे।
3. दयानन्द सरस्वती पाश्चात्य शिक्षा से अत्यधिक प्रभावित थे।
4. उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' और 'वेद भाष्य भूमिका' नामक ग्रंथ लिखे।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 1 और 4 (d) 1, 2 और 4

**31. शुद्धि आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. शुद्धि आंदोलन की शुरुआत दयानंद सरस्वती ने की थी।
2. यह आंदोलन अखिल भारतीय हिंदुत्व और सांप्रदायिकता के उदय के लिए जिम्मेदार था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. आर्य समाज ने हिन्दी और देवनागरी के प्रयोग पर बल दिया।
2. 'स्वराज' शब्द का प्रयोग सबसे पहले लाला लाजपत राय ने किया था।
3. 'पाखंड खंडिनी' झंडा दयानंद सरस्वती द्वारा फहराया गया था।

**43. वेद समाज की स्थापना निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई थी?**

(a) शिव नारायण अग्निहोत्री (b) वीरेशलिंगम्

(c) श्रीधारलू नायडू (d) राधाकांत देव

**44. धर्म सभा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

1. धर्म सभा की स्थापना राधाकांत देव ने की थी।
2. इसका उद्देश्य सती प्रथा का समर्थन करना था।

**कूट:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**45. निम्नलिखित में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?**

1. समाज सेवा लीग - गोपाल कृष्ण गोखले
2. पूना सेवा सदन - आर. जी. भंडारकर
3. सेवा समिति - एच. एन. कुंजरू
4. कूका आंदोलन - भगत जवाहरमल

**कूट:**

(a) 1, 2 और 4 (b) 3 और 4

(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**46. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही है/हैं?**

1. कूका आंदोलन पंजाब में पहला सामाजिक आंदोलन था।
2. कूका आंदोलन का नेतृत्व भगत जवाहरमल ने किया था।
3. गुरुद्वारा आंदोलन की शुरुआत अकालियों ने गुरुद्वारों के भ्रष्ट महंतों से मुक्ति दिलाने के लिए की थी।
4. गुरुद्वारा आंदोलन सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान शुरू हुआ था।

**कूट:**

(a) 2 और 3 (b) 1, 2 और 4

(c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 4

**47. सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन की सीमाएँ निम्नलिखित में से कौन-सी थीं?**

1. केवल शिक्षित मध्यम वर्ग तक सीमित।
2. तकनीकी शिक्षा की उपेक्षा।
3. महिलाओं की भागीदारी नहीं।

**कूट:**

(a) 1 और 3 (b) 1 और 2

(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

| | (अधिनियम) | (पारित वर्ष) |
|---|---|---|
| 1. | देशी विवाह अधिनियम | - 1892 ई. |
| 2. | एज ऑफ कंसेंट अधिनियम | - 1872 ई. |
| 3. | शारदा एक्ट | - 1929 ई. |
| 4. | हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम | - 1956 ई. |

**कूट:**

(a) केवल 2 (b) 2 और 4

(c) 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**49. 'एक ईश्वर, एक धर्म और एक जाति' का नारा निम्नलिखित में से किससे संबद्ध था?**

(a) आर्य समाज

(b) श्री नारायणगुरु धर्म परिपालन योगम् आंदोलन

(c) वैकोम आंदोलन

(d) आत्म-सम्मान आंदोलन

**50. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?**

| | (आंदोलन) | (नेतृत्वकर्त्ता) |
|---|---|---|
| (a) | वैकोम आंदोलन | - टी.के. माधवन |
| (b) | आत्म-सम्मान आंदोलन | - ई.वी. रामास्वामी नायकर |
| (c) | सत्यशोधक समाज | - बी. आर. अम्बेडकर |
| (d) | भारत धर्म महामंडल | - स्वामी ज्ञानानंद |

**51. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

1. 'गुलामगिरी' नामक पुस्तक ज्योतिबा फुले द्वारा लिखी गई थी।
2. गुलामगिरी में औपनिवेशिक नीतियों द्वारा किसानों के शोषण के विषय में बताया गया है।

**कूट:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**52. निम्नलिखित में से किसने 1875 में ब्रिटिश संसद में भारत के प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व की माँग करते हुए हाउस ऑफ कॉमन्स में एक याचिका प्रस्तुत की?**

(a) डेक्कन एसोसिएशन (b) इंडियन एसोसिएशन

(c) मद्रास महाजन सभा (d) पूना सार्वजनिक सभा

**53. निम्नलिखित में से कौन ठगों के दमन से संबद्ध था?**

(a) जनरल हेनरी प्रेंडरगैस्ट (b) कैप्टन स्लीमैन

(c) एलेक्जेंडर बुर्नेज (d) कैप्टन रॉबर्ट पेम्बर्टन

# कला एवं संस्कृति

**1. निम्नलिखित तथ्यों पर विचार कीजिए-**

1. रॉबर्ट चेम्बर्स
2. अलेक्जेंडर हैमिल्टन
3. एच.एच. विल्सन
4. द्वारकानाथ टैगोर
5. जेम्स प्रिंसेप

**उपर्युक्त में से कौन सर विलियम जोन्स द्वारा स्थापित एशियाटिक सोसाइटी के सदस्य थे?**

(a) 1, 3 और 5 (b) 2, 4 और 5
(c) 1, 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

**2. एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. इसने स्वयं को भारत की भौगोलिक सीमाओं तक सीमित रखा।
2. इसकी पत्रिका का नाम 'एशियाटिक रिसर्चेज' था।
3. चार्ल्स विल्किंस द्वारा 'गीत गोविंद' ग्रंथ का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 1 और 3 (d) केवल 2

**3. सर विलियम जोन्स से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. वे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कलकत्ता आए।
2. उन्होंने स्वीकार किया कि फारसी और यूरोपीय भाषाएँ हिब्रू से ली गई हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**4. विज्ञानेश्वर के मिताक्षरा और जीमूतवाहन के दायभाग का अनुवाद निम्नलिखित में से किसने किया?**

(a) हेनरी कोलब्रुक (b) सर विलियम जोन्स
(c) चार्ल्स विल्किंस (d) मैक्स मूलर

**5. लंदन स्थित रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के संस्थापक कौन थे?**

(a) अलेक्जेंडर हैमिल्टन (b) एच.एच. विल्सन
(c) हेनरी कोलब्रुक (d) जेम्स प्रिंसेप

**6. प्राचीन भारतीय इतिहास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. प्राचीन काल में वसीयत का कोई प्रमाण नहीं था।
2. गुप्त काल में नियोग प्रथा प्रचलित थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**7. प्राचीन काल के संदर्भ में 'मत्स्य न्याय' क्या था?**

(a) शांति और समृद्धि की अवधि
(b) अव्यवस्था और अराजकता की अवधि
(c) एक प्रकार का धार्मिक न्याय
(d) नैतिक विज्ञान पर प्राचीन ग्रंथ

**8. 'ऋत' और 'धर्म' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. 'ऋत' प्राकृतिक व्यवस्था का सिद्धांत है जबकि धर्म आचार संहिता, मूल्यों और धार्मिक सिद्धांतों का एक समूह है।
2. वैदिक युग में धर्म को सर्वोपरि माना गया था।
3. ऋग्वेद में दिव्य ब्रह्मांडीय व्यवस्था का उल्लेख किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

**9. राजत्व की उत्पत्ति के संबंध में सबसे प्राचीन प्रमाण निम्नलिखित में से किस ग्रंथ से मिलते हैं?**

(a) ऐतरेय ब्राह्मण (b) शतपथ ब्राह्मण
(c) तैत्तरीय उपनिषद् (d) बृहदारण्यक उपनिषद्

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. मिताक्षरा याज्ञवल्क्य स्मृति पर एक भाष्य था, जो गुप्त काल में लिखा गया था।
2. दायभाग, धर्मरत्न का हिस्सा था।
3. भारतीय दीवानी कानून मिताक्षरा और दायभाग पर आधारित हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) उपर्युक्त सभी

1. प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट्स ग्रुप (चळ) की स्थापना 1947 ई. में बॉम्बे में हुई थी।
2. इस समूह ने बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट द्वारा स्थापित पुनरुत्थानवादी राष्ट्रवाद की शैली का अनुसरण किया।

**कूट:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**52. 'आधुनिक भारतीय कला के जनक' के रूप में किसे जाना जाता है?**

(a) रवींद्रनाथ टैगोर (b) अवनींद्रनाथ टैगोर
(c) राजा रविवर्मा (d) एम.एफ. हुसैन

**53. राजा रविवर्मा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. इन्हें ऑइल पेंट का उपयोग करने वाला पहला भारतीय कलाकार माना जाता है।
2. इनकी प्रसिद्ध रचनाएँ 'नायर लेडी एडॉर्निंग हर हेयर' और 'शांतनु और मत्स्यगंधा' थीं।
3. इन्होंने यूरोपीय चित्रकला शैली का पालन नहीं किया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 2 (d) उपर्युक्त सभी

**54. 'भारत माता' का चित्र सर्वप्रथम किसने बनाया था?**

(a) रवींद्रनाथ टैगोर (b) अवनींद्रनाथ टैगोर
(c) राजा रविवर्मा (d) नंदलाल बोस

**55. भारतीय संविधान के मूल पाठ को निम्नलिखित में से किसने सुसज्जित किया?**

(a) असित कुमार हलदर (b) अवनींद्रनाथ टैगोर
(c) राजा रविवर्मा (d) नंदलाल बोस

**56. पटुआ क्या है?**

(a) यह बिहार में मिट्टी के बर्तन बनाने की शैली है।
(b) यह बंगाल में स्थानीय चित्रकला शैली है।
(c) यह गुजरात में लोक नृत्य शैली है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57. पटुआ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. पटुआ एक समुदाय है जो हिंदू देवी-देवताओं की लोकप्रिय कहानियां सुनाता है।
2. ये लोग ज्यादातर मुस्लिम समुदाय से हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं-**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**58. निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

| | (चित्रकला शैली) | | (क्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| 1. | मंजूषा पेंटिंग | - | मिथिला क्षेत्र |
| 2. | थंका पेंटिंग | - | हिमालय क्षेत्र |
| 3. | शोरा पेंटिंग | - | उड़ीसा |

**कूट:**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) उपर्युक्त सभी

**59. 'उस्ता कला' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है?**

(a) विंध्य क्षेत्र (b) पश्चिमी राजस्थान
(c) छोटा नागपुर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60. सांगानेरी प्रिंट निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है?**

(a) जयपुर (b) अहमदाबाद
(c) लखनऊ (d) हैदराबाद

**61. 'मीनाकारी' के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

(a) यह विभिन्न धातुओं और पत्थरों के टुकड़ों से दीवारों को सजाने की कला है।
(b) जयपुर, मीनाकारी का प्रमुख केंद्र है।
(c) इसे दिल्ली सल्तनत के दौरान तुर्कों द्वारा भारत लाया गया था।
(d) वाराणसी की मीनाकारी कला को जी. आई. (GI) टैग प्राप्त है।

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. बणी-ठणी एक भारतीय लघु चित्रकला है।
2. इसे किशनगढ़ के मारवाड़ स्कूल के निहाल चंद ने चित्रित किया था।
3. इस पेंटिंग को भारत की मोनालिसा माना जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 3 (b) 1 और 3
(c) 1 और 2 (d) उपर्युक्त सभी


**63. निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**


| | (चित्रकला शैली) | | (क्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| 1. | अजरख चित्रकला | - | कच्छ का रण |
| 2. | थिगामा पेंटिंग | - | लद्दाख |
| 3. | पिछवाई पेंटिंग | - | नाथद्वारा |


**कूट:**

(a) केवल 3 (b) 1 और 3
(c) 1 और 2 (d) उपर्युक्त सभी

# Our Study Material




















**And Many More....**

**For any query please contact:**

**7683076934, 9999516388, 8287331431**



# DOWNLOAD APPLICATION

*for*

# HISTORY OPTIONAL COURSE (UPSC/PCS)

*Separate Batches for Both*

## HINDI AND ENGLISH MEDIUM


GET IT ON Google Play

**Manikant Singh**




## App Features

- Complete History Optional Course (for both Medium)
- Weekly Live doubt classes
- Modules wise Courses Available
- Printed Study Material Sent to Home via Post
- Free Weekly/Monthly Test
- Free Demo Videos
- Daily Translated Article of The Hindu, Indian Express etc.




## OUR BATCHES

**Offline Batch**

**Online Live Batch**

**Online Recorded Class**

**Pen Drive Course**



To download Our Application

Our website QR Code

OUR MAINS TEST SERIES PROGRAMME

UPSC | UPPCS | BPSC

Follow us: YouTube

TS PUBLICATIONS

210, Virat Bhawan, IInd Floor, Near Post Office, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-9

: 7683076934, 9999516388, 8287331431, 011-35009789 9999278966

: info@thestudyias.net • thestudyias@gmail.com